ओमशान्ति मीडिया

मूल्यनिष्ठ समाज की रचना के लिए समर्पित

वर्ष -25 | मई - I - 2023 | अंक - 03 | माउण्ट आबू | Rs.-12

बड़ी पहल > ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान एवं केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग मिलकर चलाएगा अभियान

ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा की गई 'नशामुक्त भारत अभियान' की शुरुआत में गुजरात के सीएम रहे मौजूद

अभियान के शुभारम्भ पर दीप प्रज्वलित करते हुए गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, ब्रह्माकुमारीज़ की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी तथा संस्थान के वरिष्ठ भाई-बहनें।

शांतिवन। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी के 99वें जन्मदिन पर 'नशामुक्त भारत अभियान' की राष्ट्रीय स्तर पर लॉन्चिंग की। इस मौके पर शांतिवन के विशाल डायमण्ड हॉल में 15 हज़ार से अधिक लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पटेल ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ संगठन विश्व के 140 देशों में जनमानस का सामाजिक और आध्यात्मिक सशक्तिकरण कर रहा है। गौरव का विषय है कि संस्थान के मेडिकल विंग को पूरे भारतवर्ष में नशामुक्त भारत अभियान चलाने के लिए चुना गया है। व्यसन मुक्ति अभियान हो, स्वच्छता अभियान हो या जल संरक्षण अभियान, समाज में चेतना जगाने का हर संभव प्रयास ये भाई-बहनें कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा धन नशे से मुक्त रहकर सशक्त बने यह हमारा दायित्व है। ब्रह्माकुमारीज़ इस दायित्व को निभाते हुए नशामुक्त भारत अभियान प्रारंभ कर रहा है। गुजरात में ग्राउंड लेवल से नशामुक्ति के लिए सरकार कार्य कर रही है। बता दें कि ब्रह्माकुमारीज़ एवं केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग द्वारा संयुक्त रूप से देशभर में नशा मुक्त भारत अभियान चलाया जाएगा।

अभियान को हरी झंडी दिखाते हुए मुख्यमंत्री

डायमण्ड हॉल में सभी राज्यों को दर्शाती और नशामुक्ति का संदेश देती रैली निकाली गई

जल संरक्षण की दिशा में बहुत ही सराहनीय कार्य

पटेल ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़, भारत सरकार के जलशक्ति मंत्रालय के साथ मिलकर जल संरक्षण की दिशा में जल जन अभियान चलाकर पूरे भारत में जल सप्ताह के कार्यक्रम करने जा रही है। संस्था के शांतिवन में 32 लाख लीटर जल संग्रहण की व्यवस्था की गई है, यह अभिनंदनीय है।

भारत में 372 जिले सबसे ज़्यादा नशे की गिरफ्त में

डॉ. गोमती अग्रवाल ने बताया कि भारत में 372 जिले सबसे ज़्यादा नशे की गिरफ्त में हैं। भारत में हर 8 सेकंड में नशे के कारण एक व्यक्ति की मौत हो जाती है। एक दिन में 3 हज़ार 750 और प्रतिवर्ष 13 लाख लोगों की मृत्यु केवल तंबाकू के सेवन से होती है। सभी तरह के नशे के आंकड़े पर नज़र डालें तो एक साल में भारतवर्ष में 35 लाख लोगों की मौत हो जाती है। राजस्थान में 22 फीसदी पुरुष और 6 फीसदी महिलायें तंबाकू का सेवन करते हैं। इसका प्रभाव हमारी नई पीढ़ी पर भी पड़ रहा है। भारत में 37 लाख लोगों की कैंसर से हर साल मौत हो जाती है।

मुख्यमंत्री, ब्रह्माकुमारीज़ की मुख्य प्रशासिका के 99वें जन्मदिन पर हुए शामिल, दीर्घायु होने की-की कामना

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने ब्रह्माकुमारीज़ की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी जी के 99वें जन्मदिन पर ढ़ेरों शुभकामनायें देते हुए कहा कि दादी का जन्मदिन समाजसेवा के अभियान के साथ मनाया जाना बड़े ही हर्ष की बात है। दादीजी की प्रेरणा से समाजसेवा के कार्यों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

इस मौके पर दादी रतनमोहिनी ने आशीर्वचन देते हुए परमात्मा के बेहद घर में माननीय मुख्यमंत्री एवं अन्य भाई-बहनों का शब्दों से स्वागत किया। अति.

मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी ब्र.कु. मोहिनी दीदी ने कहा कि मैं 13 वर्ष की आयु में दादी रतनमोहिनी जी के संपर्क में आई। तब से ही दादीजी की पालना और उनके जीवन से प्रेरणा मिलती रही। इस मौके पर कार्यकारी सचिव डॉ. ब्र.कु. मृत्युंजय, मेडिकल विंग के सचिव ब्र.कु. बनारसी, ग्लोबल हॉस्पिटल माउण्ट आबू के डायरेक्टर डॉ. प्रताप मिड्ढा सहित अन्य वरिष्ठ भाई-बहनें उपस्थित रहे।